सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 356 | इंदौर, सोमवार 08 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 5 मंजिला बिल्डिंग ढही, प्रदेश के 5 लोगों की मौत

### मृतक सीधी जिले के रहने वाले, इनमें दो सगे भाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी**। गुजरात के सूरत में 5 मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 लोग मध्यप्रदेश के सीधी जिले के है। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। टीम रेस्क्यू में जुटी है। अभी मलबा हटाने का काम चल रहा है।

हादसा शनिवार दोपहर में सूरत शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ। रेस्क्यू में जुटी टीम को रविवार सुबह तक 7 लोगों के शव मिल चुके थे। बिल्डिंग 2017 में ही बनी थी। सिर्फ 7 साल में ही पूरी बिल्डिंग के ढह जाने से इसके निर्माण की गुणवत्ता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सूरत सांसद मुकेश दलाल से बात की है। उन्होंने सभी शवों को सीधी पहुंचाने के लिए उनसे आग्रह किया।

### दो से तीन लोगों के दबे होने की आशंका

शनिवार रात 9.10 बजे पहला शव निकाला गया। इसके बाद दूसरा शव 11.50 बजे, तीसरा 4 बजे, चौथा साढ़े 4 बजे और 4.45 पर एक साथ तीन शव निकाले गए। अब भी बिल्डिंग का मलबा हटाने का काम चल रहा है। आशंका है कि मलबे में 2-3 लोग और दबे हो सकते हैं।

### मजदूरी करने गए दो सगे भाइयों की भी मौत

हादसे में जान गंवान वाले सीधी के पांच लोगों में दो सगे भाई थे। ये सभी मझौली थाना क्षेत्र के परासी और दियाडोल गांव के रहने वाले थे। सूरत मजदूरी करने गए थे। हादसे में जान गंवाने वालों के नाम अनमोल शालीग्राम, शिवपूजन शोखीलाल केवट, परवेज शोखीलाल केवट, लालजी बमभोली केवट, अभिषेक केवट, ब्रजेश हीरालाल गोड, हीरामडी बमभोली केवट हैं। हादसे में घायल कशिश शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बिल्डिंग के दो फ्लोर पर ही लोग रहते थेः शुभम

इमारत में रहने वाले शुभम ने बताया कि उनका 17 साल का छोटा भाई साहिल है। हादसे के दौरान वह कमरे में ही था। पूरी बिल्डिंग के दो फ्लोर ही भरे हुए थे। फर्स्ट और सेकंड फ्लोर पर ही लोग रहते थे। नीचे दो रूम और उसके ऊपर 6 रूम में लोग रहते थे। शुभम ने बताया- बाकी के फ्लोर खाली थे। हर एक रूम में कम से कम 5 लोग तो रहते थे। इस तरह दोनों फ्लोर में 20 से 25 लोग रहते थे। मेरे बगल में एक कमरा था, जिसमें एक आंटी रहती थीं। वे चार दिन पहले ही अपने भाई के साथ यहां रहने आए थे।

## पैर से कटकर अलग हुआ नवजात का पंजा

**अशोकनगर**। अशोकनगर में नवजात के पैर में लगे टैग से इंफेक्शन फैला और पंजा अलग हो गया। परिजन घबराकर बच्चे को अस्पताल ले गए। बच्चा स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में भर्ती है। डॉक्टरों का कहना है कि पंजा जोड़ा नहीं जा सकता। बच्चे के माता-पिता का आरोप है कि डॉक्टर ने टैग ज्यादा कस दिया था। इस कारण पंजा अलग हो गया। जानकारी के अनुसार 6 जून को जिले के राजे बामोरा गांव की रामलेश पाल की शाढौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी हुई थी। रामलेश को सांस लेने में तकलीफ होने लगी तो उसे भोपाल के हमीदिया रेफर कर दिया।

# अहातों का रूप ले रहे ढाबे

## खुलेआम पिला रहे शराब, जमकर बिक्री भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूर्व मुख्ययमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स ती करते हुए शराब दुकानों के अहाते बंद करा दिए लेकिन अब शहर के बाहरी इलाकों में बने ढाबों आहतों का रूप लेते जा रहे हैं। इन ढाबों पर शाम से देर रात तक शराब पिलाई जाने के साथ ही जमकर अवैध शराब की बिक्री भी होती है। सूत्र बताते हैं कि आबकारी विभाग से शुभ लाभ और सांठगांठ कर ये ढाबा संचालक बेखौफ होकर शराब पिलाते हैं। कभी कभारआबाकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए नाम मात्र की शराब जब्त कीजाती है। जबिक यहां लाखों रूपए की शराब बिक्री है। इस बात का खुलासा पुलिस द्वारा ढाबों पर कार्रवाई में हो चुका है। इसके बावजूद आबाकरी के जिम्मेदार कार्रवाई करने से पीछे हटते हैं।

सूत्र बताते हैं कि मिलीभगत से नियमों को ताक में रखकर शहर के अलग अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहे ढाबों पर शराब पिलाई जा रही है शराब पिलाना तो ठीक यंहा ग्राहकों की डिमांड पर शराब उपल्बध तक करा दी जाती है, ऐसे में इससे आबकारी अफसरों की कार्यप्रणाली में सवाल उठ रहे हैं।

### यहां जमती है पिय्यकड़ों की महफिल

शहर के लसूडिय़ा, गांधीनगर, उज्जैन रोड़, छोटा बंगड़दा, नंदबाग, एरोड्रम, राजेंद्र नगर,सिमरोल, देवगुराडिय़ा आदि स्थानों पर संचालित हो रहे ढाबों में शाम से पिय्येकड़ों की महफिल सज जाती है जो देर रात तक जमी रहती है यंहा शराब पिलाने के साथ ही ढाबा संचालक डिमांड पर देर रात तक दारू भी उपल्बध करा देते हैं,ऐसे में साफ है कि बगैर संरक्षण के ये खेल चल पाना बिल्कुल नामुमकिन है। हालाकिं कभी कभार पुलिस के वरिष्ठ अफसरों के संज्ञान में मामला आता है तो कार्रवाई हो जाती है।

### कार्रवाई से बचते हैं जिम्मेदार

आबाकारी अफसरों के सामने ये सब खुली किताब है लेकिन वह कार्रवाई करने से बचते हैं बड़े बड़े घोटाले होने पर तो मामले दबा दिए जाते हैं यो तो ढाबे में शराब पिलाने और देर रात तक पब चालू रखने का मामला है। जबकि पुलिस की कार्यप्रणाली इससे इतर है। यंहा लापरवाही पाए जाने पर अफसर तुरंत लापरवाह को लाइन अटैच या निलंबित कर देते हैं।



फाइल फोटो

### पुलिस की कार्रवाई जारी

ढाबों और होटलों पर अवैध शराब पिलाए जाने और शराबियों के जमारहने को लेकरआए दिनपुलिस द्वारा कार्रवाई कीजाती है, बावजूद इसके चोरी-छिपे इन ढाबों व होटलों परशराब पिलाई जाती है, जब कार्रवाई को कई दिनबीत जाते हैं तो फिर से खुलेआम शराबखोरी शुरू हो जाती है।

# बच्चों के पेट में कीड़े आश्रम में पसरी थी गंदगी

## युग पुरुष आश्रम की जांच में खुलासा, केंद्र की टीम बच्चों से मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के युग पुरुष आश्रम में हुई बच्चों की मौत के मामले में नया खुलासा सामने आया है। राष्ट्रीय बाल आयोग की सदस्य डॉक्टर दिव्या गुप्ता ने कहा कि आश्रम में जितने भी बच्चे थे किसी का भी वैक्सीनेशन रिकॉर्ड नहीं मिला है। जांच में आश्रम के अधिकांश बच्चों के पेट में कीड़े पाए गए। यह खराब पानी के वजह से हुआ है। इसके चलते कुछ बच्चों में हैजा और कुछ में एनीमिया भी मिला।**

केंद्रीय जांच टीम की सदस्य डॉक्टर दिव्या गुप्ता ने कहा कि आश्रम के पानी की टंकी, किचन, स्टोर सभी जगह गंदगी पाई गई थी। यहां तक कि आश्रम के फ्रिज में भी गंदगी पाई गई थी। उन्होंने कहा कि आश्रम में लापरवाही और अनियमितताएं मिली हैं। अधिकारियों ने भी निरीक्षण नहीं किया, जिसके कारण ऐसी स्थिति बनी। डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि कि बच्चों के पेट में कीड़े (वर्म्स) का पता स्टूल की जांच से चला। दरअसल यह स्थिति आश्रम में खराब पानी के कारण हुई है। कितने बच्चों के पेट में कीड़े, कितनों में एनीमिया (खून की कमी) और कितने बच्चों को हैजा हुआ, इसकी डिटेल्स रिपोर्ट अस्पताल को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### टीम ने अस्पताल में भर्ती बच्चों से की बात

बता दें कि प्रधानमंत्री ऑफिस के निर्देश के बाद केंद्रीय जांच टीम इंदौर में ही है। रविवार शाम को टीम चाचा नेहरू अस्पताल पहुंची थी। टीम के सदस्यों ने यहां एडमिट बच्चों के हालात जाने। इसके साथ ही जिन बच्चों को डिस्चार्ज किया गया है उनकी भी हिस्ट्री जानी। टीम ने यहां डॉक्टरों से प्रत्येक बच्चे की जानकारी ली। साथ ही बच्चों से उनके स्वास्थ्य, आश्रम में खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की।

### 65 बच्चे डिस्चार्ज, 24 बच्चे अभी भी भर्ती

आश्रम में खराब पानी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रविवार को फिर युग पुरुष आश्रम के दो बच्चों को तबीयत खराब होने के कारण चाचा नेहरू अस्पताल में एडमिट करना पड़ा। अब तक 89 बच्चों को एडमिट किया जा चुका है। रविवार को 18 बच्चों को डिस्चार्ज किया गया। इनके समेत अब तक 65 बच्चों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 24 बच्चों का इलाज चल रहा है। इनमें से कुछ आईसीयू में भर्ती हैं।

## खुशियों का बस्ता

# 502 छात्रों की आंखों में बिखेरी खुशियों की चमक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक छोटे से आइडिया ने जब विशाल रूप लिया, तब खुशियों का बस्ता कार्यक्रम के जरिए रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत ने 502 छात्रों की जिंदगी में खुशियों के रंग भरे। पीटीसी में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने खड़े होकर अपने देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

दीप प्रज्वलन की रस्म में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि,डीजी, अध्यक्ष और आर.के. मेहता ने मिलकर दीप जलाया, जो इस कार्यक्रम के शुभारंभ का प्रतीक था। मास्टर ऑफ सेरेमनी, रोटेरियन रेणुका ठाकुर ने गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात्, मेयर पुष्पमित्र भार्गव का स्वागत रोटेरियन बृजेश अग्रवाल ने किया। एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया का स्वागत रोटेरियन रचना शुक्ला ने किया। एसपी हितिका वासल का स्वागत रोटेरियन स्वाति अग्रवाल ने किया। डीजी अनिश मलिक का स्वागत रोटेरियन हितेश ठाकुर ने किया। सुमित दुबे जी का स्वागत रोटेरियन नरेंद्र अग्रवाल ने किया।मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक भाषण से समारोह की गरिमा बढ़ी। इसके बाद विशिष्ट अतिथियों एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया और एसपी हितिका वासल ने अपने विचार व्यक्त किए। डीजी अनिश मलिक के प्रेरणादायक शब्दों ने सभी को प्रेरित किया।

# फोटोग्राफी, इनकम टैक्स सहित 6 ऑनलाइन कोर्स तैयार, सितंबर से शुरू होंगी कक्षाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने 6 नए ऑनलाइन कोर्स तैयार किए हैं। ये मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस (मूक्स) के माध्यम से रहअअट पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, जिसमें फोटोग्राफी, टैक्स और विज्ञापन पर पाठ्यक्रम आधारित है। इनके लिए अगले सप्ताह से पंजीयन शुरू हो चुके हैं। इसमें देशभर के विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। ऑनलाइन पाठ्यक्रम की कक्षाएं सितंबर से शुरू की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक ये पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एंड रिसर्च सेंटर (ईएमआरसी) ने बनाए हैं, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने कंटेंट तैयार किया है। बेसिक्स ऑफ फोटोग्राफी, इनकम टैक्स लॉ एंड प्रैक्टिस, कंप्यूटर फंडामेंटल्स, इंट्रोडक्शन टू एडवरटाइजिंग, सोशियोलाजी आफ किनशिप, बेसिक्स ऑफ डिजिटल मार्केटिंग पाठ्यक्रम बनाए हैं। इन्हें मिलाकर विश्वविद्यालय अभी तक 40 से ज्यादा पाठ्यक्रम बना चुका है।

### ये होगा शुल्क

ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से अध्ययन करने वाले इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल 666.268.ङ्क5.रल्ल पर जाकर निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। अधिकारियों के मुताबिक सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए सामान्य वर्ग को 1000 और आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को 500 शुल्क देना होगा।

### विद्यार्थियों के लिए काफी ज्यादा उपयोगी

कुलगुरु प्रो. रेणु जैन का कहना है कि विश्वविद्यालय इस राष्ट्रीय स्तर की परियोजना में शामिल होकर एक महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी है। ईएमआरसी के निदेशक डॉ. चंदन गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन कोर्स के क्रेडिट पॉइंट भी विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। ये अंक उनके मूल पाठ्यक्रम में शामिल होंगे। बस इसके लिए छात्र-छात्राओं को अलग से परीक्षा देनी होगी। मूल पाठ्यक्रम करने के दौरान भी ये ऑनलाइन कोर्स कर सकेंगे।

## कस्तूरबा ग्राम की पहाड़ियों पर पौधे रोपे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पर्यावरण मित्र मंडल के अरुण पांडे एवं गौरव जैन ने बताया कि एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आज वीर तेजाजी नगर इन्दौर कस्तूरबा ग्राम की पहाड़ियों पर वृक्षारोपण किया गया। यहां की सम्मानित जनता ने पौधा लगाने का अभियान छेड़ा एवं सामूहिक रूप से, 100 भिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए .इस अभियान में बच्चे भी उपस्थित थे ऊर्जावान मानसिकता के साथ वृक्षारोपण अभियान को उत्सव का स्वरूप बना लिया। श्री अजय बर्वे, गोपाल लीला दीदी प्रमुख भूमिका में थे।

## संडे विकेंड, पिकनिक केंद्रों पर सैलानियों का क्रेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पातालपानी, चोरल डेम, जाम गेट सहित अन्य पर्यटन स्थल एक बार फिर सेलनियों से लबरेज नजर आए, आने वाले शनिवार - रविवार यह भीड़ अधिक दिखाई देगी। सैलानियों ने पर्यटन केंद्र पर सेल्फी घुड़सवारी, वोटिंग, ककड़ी-भुट्टा आदि का भी खूब आनंद लिया। इंदौर व आसपास की ओर से पर्यटन क्षेत्रों में इतने वाहन पहुंचे कि शाम को वापसी के दौरान महू-किशनगंज मार्ग बुरी तरह जाम रहा। तकरीबन दो घंटे तक यातायात रेंग-रेंग कर चलता रहा।

# भगवान श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ स्थल जैसा शीघ्र विकसित करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान श्रीकृष्ण ने मध्यप्रदेश में जहां जहां लीलाएं की है, उन स्थलों को तीर्थस्थलों के रूप में विकसित करने के लिए शीघ्र कार्य शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस कार्य के लिए पर्याप्त धनराशि भी स्वीकृत कर दी है, जिससे यादव समाज कोर कमेटी, सकल यादव समाज सहित हिंदू समाज में हर्ष है।

यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने बताया कि भगवान कृष्ण ने मध्यप्रदेश में जहां जहां लीलाएं की है, उन स्थलों को तीर्थस्थलों के रूप में विकसित करने के लिए यादव समाज कोर कमेटी कई वर्षों से लगातार डॉ.मोहन यादव से मांग करती आ रही है। यादव समाज और सकल हिंदू समाज की उस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने कार्यकाल के पहले ही विधानसभा सत्र में इसकी अधिकृत घोषणा कर दी थी और अभी संपन्न हुए विधानसभा के वार्षिक बजट सत्र में इस कार्य के लिए पर्याप्त धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा प्रदेश को दी गई इस सौगात से सर्व हिंदू समाज में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने इंदौर के समस्त यादव समाज की ओर से हर्ष व्यक्त किया है और डॉ.मोहन यादव का हार्दिक आभार माना है।

## एआईजे के तत्वाधान में पत्रकार महासम्मेलन

**इंदौर।** रविवार को मां अहिल्या के पावन धाम माहेश्वर में भारतीय पत्रकार संघ ( एआईजे ) के तत्वाधान में पत्रकार महासम्मेलन आयोजित किया गया इस मौके पर महू पत्रकार संघ का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रखर वक्ता डॉ प्रतीक श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार रमन रावल, हेमंत पाल, भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, अजुउद्दीन शेख, मनोहर मंडलोई खरगोन जिला अध्यक्ष रंजीतसिंह ठाकुर, माहेश्वर तहसील अध्यक्ष सुनील गाडगे, राजेश पंवार, वाजिद अली कुरैशी आदि मौजूद रहें. इस अवसर पर महू पत्रकार संघ के विजय खंडेलवाल, विजय पाटीदार, साजिद अली बबली कुरैशी, रवि धीमान, धर्मेंद्र ठाकुर ( अवलाय) संजू वैध आदि उपस्थित रहें।

# इंदौर नगर निगम में पहली बार एक साथ बदले गए सभी जोनल अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम ने एक साथ शहर के सभी जोनों में बदलाव कर दिया है। शनिवार को निगमायुक्त ने आदेश जारी कर सभी जोनल अधिकारियों के साथ भवन अधिकारी, भवन निरीक्षकों को भी बदल दिया। साथ में तीन नए जोन भी सूची में जोड़ गए हैं।**

अब तक नगर सीमा को 19 जोनों में बांट रखा था। ताजा सूची में 22 जोनल अधिकारियों के साथ भवन अधिकारी और भवन निरीक्षकों को पदस्थापना दी गई है। खास बात है कि ताजा सूची में जोनों की जिम्मेदारी नए लोगों को दी गई है। कई पुराने और अनुभवी लोगों को हटाकर लूप लाइन में डाल दिया गया है।

### नागेंद्रसिंह भदौरिया से छीन ली जिम्मेदारी

अनुभवी और चर्चित जोनल अधिकारियों के पर भी कतर दिए गए हैं। बीते दिनों सवार्नंद नगर



में एक साथ कई होस्टलों को तोड़ने के कारण चर्चा में आए और पुराने अधिकारी नागेंद्रसिंह भदौरिया से जिम्मेदारी छीन ली गई है। उन्हें न तो जोन की जिम्मेदारी दी गई है न भवन अधिकारी की। इस तरह मनोज जैन, शांतिलाल यादव जैसे पुराने अधिकारियों से भी जोन ले लिया गया है। लगभग आधे जोनों पर नए और युवा चेहरों को बैठा दिया गया है। बीते समय से कार्रवाई से लेकर घोटालों तक के लिए चर्चा में रहा है।

करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये का फर्जी बिल घोटाला सामने आ चुका है। कुछ जोनों पर टैंकर चलाने के विवाद में भी जोनल अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद व नेताओं के विवादों की खबरें बाहर निकली थी।

### कौन-सा जोन कौन संभालेगा

जोन 1 अतिक खान
जोन 2 विनोद अग्रवाल
जोन 3 धीरेंद्र बायस
जोन 4 आनंद रैदास
जोन 5 सुधीर गुलवे
जोन 6 लोकेश शर्मा
जोन 7 अभिषेक सिंह
जोन 8 जुगल किशोर बारपेटे
जोन 9 अंकेश बिरथरिया
जोन 10 शैलेंद्र मिश्रा
जोन 11 गीतेश तिवारी
जोन 12 पीएस कुशवाह
जोन 13 सुनील जादौन
जोन 14 सालकारम सितोले
जोन 15 नदीम खान
जोन 16 दीपक गरगटे
जोन 17 नरेंद्र कुरील
जोन 18 वैभव देवलासे
जोन 19 प्रभात तिवारी
जोन 20 पल्लवी पाल
जोन 21 राहुल रघुवंशी
जोन 22 डीएस गुंडिया

# गोविंदा-गोविंदा के जयघोष के साथ भक्तों ने खिंचा प्रभु वेंकटेश का रजत रथ

## छत्रीबाग देवस्थान से निकली रथयात्रा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के पावनसिद्ध धाम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग से आज पारंपरिक गौरवशाली रथयात्रा गोविंदा गोविंदा के जय जय कार के साथ निकली। हर भक्त की निगाह ठाकुरजी की एक झलक पाने को लालाइत दिखी। भगवान वेंकटेश अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए शहर में पूरे लाव लश्कर के साथ रजत रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। साथ में परमपूज्य अनंतश्रीविभूषित श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीनागोरियापिठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज यात्रा में पैदल भक्तों के बीच आशीर्वाद प्रदान करते चल रहे थे और भक्त गुरुदेव के चरणों का पूजन चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ले रहे थे।

नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के साथ सत्यनारायण शर्मा,पवन लड्डा परिवार, रमेश विजय चितलांगया परिवार के साथ ही वेंकटेश मंदिर ट्रस्ट कमेटी रविन्द्र धुत एवं ब्रह्मोत्सव रथयात्रा महोत्सव समिति के महेंद्र नीमा, रंगेश बियाणी,दिनेश गुप्ता, सुमित मंत्री, पंकज तोतला, भरत तोतला, अशोक डागा, कैलाश मुंगड़, पवन व्यास आशीष लड्डा, अंकित जाखेटीया, बालमुकुंद तोषनीवाल ने रथ का पूजन किया। इसके बाद वेंकटरमणा गोविन्दा के उद्घोष के साथ रथयात्रा शुरू हुई फिर तो रथयात्रा जब भी जिस क्षेत्र में पहुंची वहां वेंकटरमणा गोविन्दा के उद्घोष के साथ पुष्पों की वर्षा शुरू रथयात्रा पर की गई। शुरुआत से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब भी बढ़ता जा रहा था। रथयात्रा छत्रीबाग से शुरू होकर नृसिंह बाजार, सीतलामाता बाजार, गौरकुण्ड चौराहा, शक्कर बाजार, बड़ा सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाजखाना चौक, साठा बाजार से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। मार्ग में करीब 200 स्थानों पर मंचों से इस यात्रा का भव्य पुष्पों से स्वागत किया। जगह-जगह परिवारों व व्यापारियों द्वारा प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। सभी व्यापारियों ने बाजारों में रथयात्रा का स्वागत किया। प्रभु का सत्कार किया पूरे मार्गो पर स्वागत द्वार,ध्वज पताकाएं विद्युत सज्जा भी की गई थी। मंदिर के प्रचार प्रमुख पंकज तोतला ने बताया कि यात्रा में देश की प्रगति, उन्नति के लिए भी संदेश प्रमुखता से दिया गया। रथयात्रा में गो माता की रक्षा करने और हर दिन के चूल्हे की पहली रोटी गाय तक पहुंचाने की अपील को मार्मिकता के साथ उठाया गया। साथ ही शेषावतार श्री रामानुज स्वामीजी को कमल के पुष्प पर विराजमान किया गया था। देश भक्ति ओर धर्म की ओर इस बार युवाओं का रथयात्रा में जज्बा अलग ही नजर आ रहा था। उसी को लेकर भारत माता,मां अहिल्याबाई,अयोध्या रामजी, समुद्र मंथन, के जग्गनाथ जी भी दर्शन देते निकले। सबसे आगे राजकमल बैंड जो कि आकर्षक रूप से अपनी विशेष भजनों के साथ सुंदर सुसज्जित गाड़ी के माध्यम से भक्तों को लालायित कर रहा था। साथ ही 21 घोड़ों पर धार्मिक पताका लिए कमांडों की विशेष पोषक में संवार थे। देश भर से पधारे 21 संत बग्घियों में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे थे। इसके पीछे चांदी के ठाकुरजी की सवारी के वाहन के रूप में गरुड़ वाहन, हनुमान वाहन, अश्व वाहन, गज वाहन, मंगलगिरी शामिल थे। इन वाहनों पर ठाकुरजी के चित्रजी विराजित थे। देवास से पधारे द्वारका दास मंत्री की भजन मंडली भक्तों के सैलाब के साथ भजनों की रस गंगा प्रवाहित कर रहे थे, जिसमें महिलाओं का विशाल समूह साथ ही युवतियों समूह नृत्य कर रहे थे। हरिकिशन साबू भोपूजी ने भी विशाल जनसमुदाय के साथ भजनों की मदमस्त बारिश कर रहे थे, जिसमें सभी भक्त झूम नाच रहे थे। इन सबके साथ नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज पूरे लाव लश्कर छड़ी, छत्र के साथ एक बड़े से भक्तों के समुदाय में चल रहे थे ओर पूरे राह पर गुरुदेव का चरण पूजन स्वागत सत्कार किया। सुंदर सी सजीधजी विन्टेज कार में नागुनेरी से पधारे वानमामलै रामनुज जीयर स्वामी महाराज विराजमान हो भक्तों को दर्शन दे रहे थे।

### महोत्सव का समापन आज

8 जुलाई, सोमवार को शांति अभिषेक महोत्सव सुबह 9 बजे से रजत कलशों से प्रभु को माखन लगाकर शांति अभिषेक किया जाएगा। उसके साथ महोत्सव का समापन होगा।

### जनता के बीच जगन्नाथ भगवान

शहर का पश्चिम क्षेत्र रविवार को भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। एरोड्रम रोड स्थित विद्याधाम से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा दोपहर करीब 3 बजे रवाना हुई। इस्कॉन द्वारा निकाली गई इस रथ यात्रा के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते, भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते शामिल हुए। रथ पर भगवान जगन्नाथ के साथ बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र विराजित थे। रथ के साथ घोड़े, बग्घी, बैंड-बाजे, कीर्तन एवं गरबा मंडलियों के साथ श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए रहे। इस बीच, भक्त भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने के लिए मशक्कत करते रहं, वहीं रथ से केला और बूंदी प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। रथयात्रा का गोपाल मंदिर पहुंचकर समापन हुआ।

# एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण की शुरूवात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में 51 लाख पौधे लगाने की शुरूवात होने के साथ ही। शहर में हर जगह हरियाली को बड़ावा देने के उदेश्य से समाज के हर वर्ग के लोग सोशल ग्रुप, स्कूल, कॉलेज, सोसाइटी, सभी मिल कर इस मुहिम का हिसा बन चुके हैं। जिस तरह सभी ने मिल कर इंदौर को सफाई में नंबर 1 बनाया था उसी तरह इंदौर को ग्रीन इंदौर भी बनाएंगे की सोच के साथ सभी और पौधारोपण की शुरूवात हो चुकी है। इसी मुहिम के साथ पंजाबी समाज भी कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश छतीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरसिंघ सभा के अध्यक्ष समाज सेवी हरपाल सिंघ भाटिया (मोनू भाटिया) व फतेह पैनल के सदस्यो द्वारा आज एरोड्रम थाने के सामने बीएसएफ गुरुद्वारा परिसर की हरियाली व गुरु घर की सुंदरता बढ़ाने के उदेश्य के साथ एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण की शुरूवात की इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , मंजीत सिंह टुटेजा व समाजजन शामिल हुए और अधिक से अधिक पौधारोपण की करने का संकल्प लिया साथ ही पौधा लगाने व उसकी देखरेख करने का भी संकल्प लिया।

# आईटी की छात्रा से छेड़छाड़, तेजाब डालने की धमकी

## पिता समझाने गए तो आरोपी के भाई ने की मारपट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अदनान नामक युवक ने आईटी की छात्र को काफी समय तक परेशान किया और जब वह नहीं मानी तो उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए तेजाब डालने की धमकी दी और जब पीडिता के पिता उसे समझाने गए तो उसके भाई ने छात्रा के पिता के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व मापीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

राऊ पुलिस ने बताया कि आईटी की छात्र अपने पिता और भाई के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गुरूकल कालोनी में रहने वाला अदनान पिता इरशाद उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। बुरी नीयत से उसे देखता है, पीछा भी करता है। अदनान ने छात्रा से मोबाइल नंबर मांगा। मना किया तो तेजाब फेंकने की धमकी दी। छात्रा के कहने पर उसके पिता ने बदमाश अदनान के पिता को समझाया तो आरोपी के पिता ने कहा कि वे उसे बाहर भेज देंगे। लेकिन इसके बाद भी अदनान की हरकतें बंद नहीं हुई। तो छात्रा ने परिवार सहित घर खाली कर दिया और दूसरी कॉलोनी में रहने चले गए। लेकिन अदनान यहां भी आ पहुंचा। छात्रा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को नवलखा स्थित कोचिंग जाने के लिए वह सिटी बस में बैठी तो वह मेरे पीछे आ गया। बस से उतरते ही मेरा हाथ पकडकर बात करने के लिए दबाव बनाने लगा। मैंने पिता से बात करने के लिए मोबाइल निकाला तो अदनान वहां से भाग गया। घर आकर यह बात पिता को बताई। तो वे भाई के साथ अदनान के घर पहुंचे। यहां उसका भाई अरशद मिला। उसने लोहे की रॉड से पिता-भाई की पिटाई कर दी।

### दोनों भाई को लाए थाने

यह बात पीडिता के भाई ने बजरंग दल के जिला संयोजक राम दांगी को बताई तो वह पीडिता को थाने लेकर पहुंचे इसके पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अदनान और उसके भाई अरशद की जमकर धुनाई की और उसे पीटते हुए थाने लेकर पहुंचे और उसे राऊ पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने अदनान और अरशद के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

# जुलाई के पहले हफ्ते आधा इंच भी नही हुई बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जुलाई में इंदौर को तर करने वाला इस माह का पहला हफ्ता रुखा ही बीता। एक हफ्ते में रोज बादलों का दौर रहा। हफ्ते में सिर्फ चार दिन कुछ मिनटों तक बारिश हुई। स्थिति यह रही कि इस हफ्ते आधा इंच भी बारिश नहीं हुई।

इस सीजन में अब तक 4 इंच ही बारिश हुई है जबकि पिछले साल 7 जुलाई तक 9 इंच बारिश हो चुकी थी यानी इस बार आधे से भी कम। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान हल्की बारिश के आसार हैं।

इस बार 2 जुलाई को सबसे ज्यादा 4.8 मिमी बारिश हुई थी जबकि हफ्ते की कुल बारिश सिर्फ 11 मिमी ही हुई। जून में 4 इंच बारिश हुई थी। इन दिनों दिन का तापमान 30 (-2) डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 23 (0) डिग्री के करीब बना हुआ है। अभी तापमान में गिरावट जरूर है लेकिन उमस बनी हुई है। रविवार को भी उमस ने काफी सताया।

अभी इस सीजन की बारिश के 85 दिन बाकी हैं जबकि कोटा 37 इंच का है। इस लिहाज से इंदौर को अभी 33 इंच पानी की दरकार है। जुलाई में औसत बारिश 12 इंच होती है। पिछली बार तो 17 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। जुलाई 2013 में तो 22 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी।

# बारिश से सड़क धंसी, बड़वानी में धुंध

## ◆ मुरैना में घरों में पानी भरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** ग्वालियर, भिंड, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर में सुबह से बारिश जारी है। यहां निचले इलाकों में पानी भरने लगा है। रामाजी का पुरा में सड़क धंस गई। यहां बारिश का पानी जमा था। सीनियर मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, ग्वालियर-चंबल और प्रदेश के अन्य हिस्सों से दो ट्रफ लाइन गुजर रही है। वहीं, उत्तर प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इनकी वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम है। कई जिलों में 11 जुलाई तक भारी बारिश होगी।



### सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान

मुरैना के जौरा में बाजारों की सड़कें पानी से लबालब भरी गईं। लोगों का कहना है कि बारिश का पानी 5 बीघा क्षेत्र से बहकर आया है। गंदे पानी में से आना-जाना करना पड़ रहा है।

### गोहद में विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

भिंड के गोहद में विधायक केशव देसाई, कलेक्टर भिंड संजीव श्रीवास्तव और एसडीएम पराग जैन हालात जानने पहुंचे। यहां ग्रामीणों से बात कर क्षेत्र का जायजा लिया।

### मुरैना के जौरा में पानी भरा

मुरैना के जौरा में रविवार सुबह हुई भारी बारिश से नाले उफान पर आ गए। यहां निचली बस्तियों में घुटनों तक पानी भर गया।

### भिंड के गोहद में मकान गिरने से बच्ची समेत पांच घायल

भिंड के गोहद में कई कच्चे मकान गिर गए।ब्रह्मपुरी में दो कच्चे मकान गिर जाने से एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ग्वालियर का पानी भिंड के गोहद में भर रहा

भिंड के गोहद के हड़ियापुरा में कई कच्चे मकान गिर गए। यहां भरा हुआ पानी उतर रहा है। ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी ग्वालियर से बहकर यहां आ रहा है।

### भिंड के गोहद में सड़क धंसी

भिंड के गोहद में शनिवार को हुई भारी बारिश से कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है। यहां मुख्य मार्ग की सड़क धंस गई।

बालाघाट में सुबह से बारिश का दौर जारी है। जिले में पूरे सीजन में अब तक 8 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है।

### बड़वानी के सेंधवा में छाई धुंध

बड़वानी जिले के सेंधवा में बारिश से धुंध छा गई है। यहां रिमझिम बारिश के बीच मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे के बिजासन घाट पर सुबह से ही मौसम में सुहाना हो गया है।

### ग्वालियर में सड़क धंसी

ग्वालियर के रामाजी का पुरा में शनिवार सुबह करीब 11 बजे सड़क धंस गई। यहां बारिश का पानी जमा हो गया था। सड़क का मलबा, नीचे की ओर बने मकान पर जा गिरा। हादसे के दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई है।

### ग्वालियर के घर में निकली बड़ी छिपकली

ग्वालियर के डीडी नगर कुशवाह मार्केट के पास एक घर के बाहर के बाहर बड़ी छिपकली निकली।

### प्रदेश में 7.5 इंच बारिश, औसत के बराबर

मध्यप्रदेश में बारिश की तस्वीर पर नजर दौड़ाएं तो अब तक एवरेज 7.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो अब तक की औसत बारिश के बराबर है। राज्य के पूर्वी हिस्से में 12% कम और पश्चिमी हिस्से के जिलों में औसत से 12% अधिक पानी गिरा है। अब तक सबसे ज्यादा पानी गिरने वाले जिलों में श्योपुरकलां, भिंड, ग्वालियर, मुरैना और शिवपुरी जिले शामिल हैं। श्योपुरकलां में रिकॉर्ड 146% ज्यादा पानी गिर चुका है। यहां साढ़े 11 इंच पानी गिर चुका है। रीवा में सबसे कम 3.9 इंच पानी गिरा है। उमरिया, सिंगरौली, दतिया, कटनी में भी कम बारिश हुई है।

---

# बाढ़ का पानी उतरा, घरों में कीचड़-गंदगी जमी

## श्योपुर में लोग बोले- रात में संभलने का मौका नहीं मिला, अधिकारी देखने तक नहीं आए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना/श्योपुर। श्योपुर जिले के बड़ौदा में आई बाढ़ ने लोगों का जीवन बेपटरी कर दिया। यहां 24 घंटे में 13 इंच बारिश के कारण नाला उफान पर आ गया। शुक्रवार-शनिवार की रात 100 से ज्यादा घरों में 10 फीट तक पानी भर गया था।**

शनिवार शाम बाढ़ का पानी तो उतर गया। इसके बाद लोग जिंदगी को पटरी पर लाने की कोशिश करते रहे। घरों में बबार्दी के निशां बाकी हैं। लोग अपनी गृहस्थी समेटने में जुटे हैं। इस दौरान लगातार सिस्टम को भी कोस रहे हैं। उनका कहना है कि नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने और बारिश से पहले नाले की सफाई पर ध्यान दिया होता, तो यह नौबत न आती।

### सड़कों पर कीचड़, दुकानों में भरा पानी

शाम करीब 5 बजे। बड़ौदा में घुसते ही बाढ़ का एहसास हो जाता है। सड़कों पर कीचड़ है। कई सड़कों का पानी पूरी तरह उतरा भी नहीं है। घरों के अंदर कीचड़ जमा है। लोग अपने घर का सामान और गृहस्थी समेट रहे थे। दुकानों के अंदर पानी जमा है। अंदर सामान तैर रहा है। गलियां भी कीचड़ से सनी थीं। लोग इसी कीचड़ में से होकर निकल रहे थे। लोगों के घर सामान बेकार हो गया था।

### रात 2 बजे आया पानी, बच्चों को छत पर भेजा

ओमप्रकाश का घर गली की शुरूआत में ही है। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे अचानक बाढ़ का पानी आया। पानी सीधा घरों में घुसते चला गया। संभालने का मौका नहीं मिला। सबसे पहले, बच्चों को ऊपरी मंजिल पर भेजा। फिर जितना हो सका बिस्तर, कपड़े, किचन का सामान समेटा। सामान को पहली मंजिल पर भेजा। सभी लोग ऊपरी मंजिल पर गए, तब जाकर पानी से बच पाए। रातभर जागते रहे। सुबह जब पानी उतरा, तो नीचे आकर देखा। सामान पूरी तरह भीग गया था। बिखरा हुआ पड़ा था। किचन के मसाले, आटा समेत अन्य सामान भीग गया, जिसे फेंक दिया।

---

# नाबालिग रेप पीड़िता ने जहर खाया, वेंटिलेटर पर

## आरोपी करीबी रिश्तेदार; मां बोली- बेटी 7 माह की प्रेग्नेंट, इसके बाद भी दुष्कर्म की कोशिश की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती 17 साल की रेप विक्टिम को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। उसने जहर खाकर खुदकुशी की कोशिश की। वह 7 महीने की प्रेग्नेंट है। डॉक्टर के मुताबिक, लड़की की हालत नाजुक है। हम उसे बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।**

4 जुलाई को मैहर जिले के मुकुंदपुर में नाबालिग ने दुकान से जहर खरीदा और वहीं पर खा लिया था। 3 दिन से वह आईसीयू (इंटेंसिव केयर यूनिट) में है। आरोपी उसका करीबी रिश्तेदार है। मुकुंदपुर का रहने वाला है। लड़की और उसका परिवार रीवा जिले के जवा में रहता है।

मां ने बताया, ह्नबेटी के शरीर में बदलाव देखकर जब हमें शक हुआ तो उसने रोते हुए आपबीती बताई। बेटी के गर्भवती होने के बाद भी आरोपी ने 4 जुलाई को उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की।

### मां बोली- बेटी ने जहर खाया या उसे खिला दिया, नहीं पता

लड़की की मां का कहना है, ह्नमुझे तो यह भी नहीं पता कि जहर उसने खाया है या फिर उसे खिला दिया गया है। दुआ कर रही हूं कि वो किसी तरह से जिंदा बच जाए। मैं पिछले 4 दिन से ठीक से सोई नहीं हूं। आंख खुली रखती हूं कि मेरे पलक झपकते ही बेटी को कुछ हो न जाए।ह

### आरोपी के परिजन ने शादी से मना किया

पुलिस के मुताबिक, गर्भवती होने के बाद लड़की अंदर से टूट गई। उसे एक ही उपाय नजर आ रहा था कि उसी युवक से शादी कर ले, जिसने उसके साथ रेप किया है। उसने युवक से शादी करने का कहा। वह उसे बाइक से अपने घर मुकुंदपुर ले आया।

### आरोपी गिरफ्तार, लड़की बयान देने की हालत में नहीं

रीवा की महिला थाना पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। लड़की फिलहाल बयान देने की हालत में नहीं है। सीएमओ यत्नेश त्रिपाठी के मुताबिक, लड़की को नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया था। उसकी हालत अभी भी बहुत अच्छी नहीं है।

---

# डॉक्टर पर रेप केस रद्द, टीचर ने कराई थी एफआईआर

## हाईकोर्ट ने कहा- शादी का वादा सच है या झूठा, समझने में 10 साल नहीं लगते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक डॉक्टर पर दर्ज रेप का केस रद्द कर दिया। टीचर ने शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा, ह्नदस साल तक दोस्ती रही। मर्जी से संबंध बने और अब लड़की का यह कहना कि लड़का शादी का झांसा देकर 10 साल तक उसके साथ रेप करता रहा... लड़के का शादी का वादा सच था या फिर झूठ, इसे समझने में इतना समय नहीं लगता। जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, ह्नएक महिला इसलिए शादी के बहाने रेप का आरोप नहीं लगा सकती कि उससे किया गया वादा झूठा था और उसे समझने के लिए इतने साल भी लग गए। मामला कटनी जिले का है। 2021 में 34 साल की टीचर ने 35 साल के डॉक्टर दोस्त पर रेप का केस कराया था।

**हाईस्कूल से एक- दूसरे को जानते थे दोनों-** टीचर ने अपनी एफआईआर में कहा था, 2010 से हम हाईस्कूल से एक-दूसरे को जानते हैं। 2020 तक रिलेशन में रहे। आरोपी ने प्रपोज करते हुए वादा किया था कि वह शादी करेगा। बाद में मना कर दिया। पिता को इसकी जानकारी लगी, इसके बाद केस कराया। मामला कटनी के सेशन कोर्ट में पहुंचा। यहां से जमानत मिली हुई थी। ट्रायल के बीच डॉक्टर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

**10 साल तक युवती ने नहीं की शिकायत-** शनिवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने कहा, ह्न2010 में जब पहली बार संबंध बने थे, उस समय शिकायत करने का कारण था। 2020 तक यह रिश्ता जारी रहा और इसकी शिकायत 10 साल तक युवती ने नहीं की। विश्वास करना मुश्किल है कि शादी के झूठे वादे पर शारीरिक संबंध जारी रखा गया था।

---

## गर्लफ्रेंड के घर युवक ने फांसी लगाई : पिता बोले-

# उससे दूर रहने के लिए कहा था; युवती ने कहा-आराम करने का कहकर चाबी मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में शनिवार देर रात 20 साल के अंश कुमार पटेल ने प्रेमिका के घर फांसी लगा ली। घटना अधारताल इलाके के सुहागी की है। अंश यहां से 2 किलोमीटर दूर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रहने वाला था। 21 साल की प्रेमिका और उसकी मां सब्जी व्यापारी हैं। घटना के समय दोनों दुकान पर थीं।**

युवती ने बताया, ह्नरात 8 बजे अंश दुकान पर आया। थोड़ी देर तक बैठा रहा। फिर घर की चाबी मांगी। बोला- मैं घर जा रहा हूं, आप लोग आ जाना। उसे कहा भी कि थोड़ी देर रुको, साथ चलते हैं लेकिन वह नहीं माना। बोला- आराम करना है।ह्न पुलिस के मुताबिक, युवती ने पूछताछ में बताया कि रात 10.30 बजे वह और उसकी मां घर पहुंचे। दरवाजा खुला हुआ था। अंदर कमरे में अंश पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर लटककर तड़प रहा था। उसे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## संपादकीय

### खोखले साबित हो रहे दावे

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। शनिवार को कुलगाम इलाके में तलाशी अभियान के दौरान दो जगहों पर सुरक्षाबलों के साथ दहशतगर्दों की मुठभेड़ हो गई। दो जवान शहीद हुए। पिछले महीने कई बड़ी घटनाएं हो गईं, जिनमें कटरा जा रही बस पर हमला कर आतंकियों ने नौ श्रद्धालुओं को मार डाला और कई घायल हो गए। इस वक्त अमरनाथ यात्रा चल रही है, इसलिए सुरक्षाबल अतिरिक्त रूप से चौकस हैं, मगर फिर भी कुछ इलाकों में दहशतगर्द उन्हें चुनौती देने में कामयाब हो जा रहे हैं, तो सरकार के दावों पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। सरकार लगातार दावे करती आ रही है कि घाटी में दहशतगर्दी की जड़ों पर प्रहार किया गया है। उनके वित्तपोषण पर नकेल कसी जा चुकी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को काफी हद तक रोक दिया गया है। मगर हर आतंकी हमले के बाद सरकार के ये दावे खोखले साबित होते हैं। पिछले पांच वर्षों से घाटी में जनतांत्रिक प्रक्रिया पूरी तरह स्थगित है। विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किए जाने के बाद दावा किया गया था कि घाटी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। मगर ऐसा हुआ नहीं, बल्कि खुद सरकारी आंकड़ों में देखा गया कि जिन दिनों कश्मीर में कर्फ्यू लगा था, उन दिनों भी स्थानीय युवा हाथ में बंदूक उठाने को तत्पर हुए। आतंकी संगठनों में भर्तियां बढ़ीं। उसके बाद से आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति लगातार बदली है। उन्होंने कश्मीरी पंडितों और बाहरी लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों के काफिले पर घात लगा कर हमले बढ़ गए। उन हमलों में यह भी देखा गया कि दहशतगर्द अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं, उनका सूचनातंत्र ज्यादा पुख्ता हुआ है। ऐसे में ये सवाल अपनी जगह कायम हैं कि अगर सचमुच घाटी में खुफियातंत्र चौकस हुआ है, आतंकियों के वित्तपोषण पर लगाम कसी है, सीमा पार से उन्हें मिलने वाली मदद पर विराम लगा है, तो आखिर उनके पास संसाधन पहुंच कहां से रहे हैं और किस तरह वे घात लगा कर हमला करने में कामयाब हो जा रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद अब वहां विधानसभा चुनाव की मांग तेज हो गई है। सरकार ने जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था, उस पर भी सबकी नजर है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि जल्दी वहां चुनाव करा लिए जाएंगे। मगर आतंकवाद खत्म करने के जिस मकसद से इतने लंबे समय तक पूरे राज्य को एक तरह से संगीन के साए में रखा गया, उसकी जड़ों पर कहीं से भी प्रहार हुआ नजर नहीं आ रहा, तो यह कहना मुश्किल बना रहेगा कि इस समस्या से पार पाने का रास्ता आखिर क्या अपनाया जाएगा।

### ॥ वेद ॥ वचन

ऋग्वेद सामवेद यजुर्वेद अथर्ववेद

(ऋग्वेद.१०.१२८.४.)

**आकूतिः सत्या मनसो मे अस्तु।।**

**अर्थात् : मेरे मन के संकल्प पूर्ण हो ।**

## OSHO कहिन

**चुनें नहीं, जीवन को स्वीकारें क्योंकि यह अपनी समग्रता में है।**



### सैर सपाटा

# ये हैं भारत की सबसे डरावनी जगह

## दिल्ली से लेकर गोवा तक की इन जगहों पर दिल थामकर ही जाएं

भारत एक खूबसूरत देश है, जहां पर घूमने के लिए काफी सारी जगह हैं। यहां रेगिस्तान, बीच, पहाड़ सब कुछ है। ये देश दुनियाभर में अपनी खूबसूरत जगहों के लिए जाना जाता है। यहां कि कुछ जगहों पर लोग ना केवल परिवार के साथ जाते हैं बल्कि कुछ जगह तो ऐसी हैं जो हनीमून के लिए भी फेमस हैं। वैसे तो आपने भारत में घूमने की कई जगहों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी यहां की डरावनी जगहों के बारे में सुना है? जी हां,भारत में घूमने की कुछ जगह ऐसी हैं जो सबसे ज्यादा डरावनी जगहों की लिस्ट में आती हैं। कहते हैं कि इन जगहों पर भूतों और आत्माओं का बसेरा होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही डरावनी जगहों के बारे में।

### 1) श्री किंग्स चर्च, गोवा




गोवा का ये एक ऐसा चर्च है जिसे देखने के लिए ज्यादातर टूरिस्ट आते हैं। कई लोगों ने इस जगह पर कुछ असामान्य घटनाओं को होते हुए देखा है। कहा जाता है कि इस चर्च की संपत्ति के लिए तीन राजाओं ने संघर्ष किया और एक-दूसरे को मार डाला। जिसके बाद से उनकी आत्माएं चर्च के अंदर में घूमती रहती हैं।

### 2) नेशनल लाइब्रेरी, कोलकाता



इस जगह को दिलचस्प भूतिया कहानियों के लिए भी जाना जाता है। दरअसल, इस लाइब्रेरी के रेनोवेशन के दौरान हुए एक हादसे में करीब 12 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद से इस जगह को भूतिया माना जाता है और सेक्योरिटी गार्ड भी यहां रात की ड्यूटी लेने से बचते हैं।

### 3) माहिम की डिसूज़ा चॉल, मुंबई




यह मुंबई की भयानक जगहों में से एक है और भारत की सबसे डरावनी जगहों में गिनी जाती है। डिसूजा चॉल जो की मुंबई के माहिम इलाके में है, इसे भुतहा जगह होने का दर्जा मिला हुआ है। कई साल पहले एक महिला पानी खींचते समय कुएं में गिर गई थी। वह मदद के लिए बहुत चिल्लाई लेकिन कोई नहीं आया और आखिरकार उसकी मौत हो गई। लोग कहते हैं कि उस कुएं के पास उस महिला की आत्मा भटकती है।

### 4) रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद



भारत की सबसे फेमस फिल्म सिटी में से एक है ये। हालांकि, यहां पर भी कुछ असाधारण गतिविधियों को देखा गया है। यहां पर कई होटल बने हुए हैं जहां पर रह रहे लोगों ने कुछ अजीब चीजों को महसूस किया है।

### 5) फिरोज शाह कोटला किला, नई दिल्ली



बहादुर शाह जफर रोड पर स्थित फिरोज शाह कोटला किला को भी भूतिया जगह माना जाता है। कई लोगों ने जिन्नों की उपस्थिति को एक भयानक माहौल बनाते हुए महसूस किया है।

New Delhi

# SC में आज फैसलों का दिन, केजरीवाल के अरेस्ट समेत 19 मामलों पर जजमेंट; NEET पर भी सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गर्मियों की छुट्टी के बाद आज से सुप्रीम कोर्ट में कामकाज फिर से शुरू हो रहा है। पहले ही दिन सुप्रीम कोर्ट 19 बड़े मामलों पर फैसला देने वाला है। इसके अलावा इस पूरे सप्ताह ही कई अहम मामलों पर अदालत फैसला देने वाली है। इनमें से एक केस अरविंद केजरीवाल का भी है, जिसमें उन्होंने ईडी की ओर से खुद को गिरफ्तारी करने को चुनौती दी है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर भी फैसला आना है, जिसमें उसने सीबीआई के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगाया था। बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ अदालत की अवमानना का केस भी चल रहा है। इस पर भी अदालत अहम फैसला सुनाएगी।



अकेले सोमवार को ही अदालत 19 फैसले देगी। इन सभी मामलों में अदालत ने गर्मियों की छुट्टी से पहले ही सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसलों को रिजर्व रख लिया था। अदालत की छुट्टियां 17 मई को शुरू हुई थीं। इस सप्ताह संवैधानिक बेंचों की ओर से सुने गए कुछ मामलों में भी फैसले आने हैं। 5,7 और 9 जजों की संवैधानिक बेंचों ने भी कई मामलों की सुनवाई पूरी कर ली थी। अब इन पर फैसलों का इंतजार है। बता दें कि बीते 50 दिनों की छुट्टियों में अदालत ने उन फैसलों को विस्तार से लिखा है, जिन पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। इसलिए अब बेंच बैठेगी और सीधे फैसले ही सुनाएंगी। इसी वजह से ज्यादा समय नहीं लगना है और आज एक ही दिन में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मामलों में फैसला आएगा। अवैध बांग्लादेशियों के नागरिक अधिकारों, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे, एससी-एसटी कोटे में भी वर्गीकरण जैसे मामलों पर भी फैसले आने हैं।

Uttarpradesh

## गाजीपुर में ट्रिपल मर्डर से हड़कंप, सोते समय पति-पत्नी और बेटे की गला रेतकर हत्या खून से लथपथ लाशें देख कांप उठी लोगों की रूह



**गाजीपुर, (एजेंसी)** यूपी के गाजीपुर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई. धारदार हथियार से गला रेतकर एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई. मृतकों में पति-पत्नी और उनका 20 वर्षीय बेटा शामिल है. घटना देर रात की है. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. फिलहाल, जांच-पड़ताल की जा रही है. हत्या किसने की और किस वजह से की, अभी यह नहीं पता चल सका है.

पूरा मामला नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्ही कला गांव का है, जहां एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई. इस वारदात से इलाके में हड़कंप मचा गया. स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना का पता रात करीब 2 बजे चला, जब मृतक के परिजनों ने सूचना दी.

थानाध्यक्ष नंदगंज द्वारा बताया गया कि थानांतर्गत ग्राम कुसम्ही कला निवासी मुंशी बिंद (45), राम आशीष बिंद (20) और देवंती बिंद (40) की हत्या की खबर मिली थी. सूचना पाकर मौके पर टीम पहुंची. जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं. हत्यारे की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं. मौके पर पुलिस फ़ोर्स मौजूद है. फिलहाल, अज्ञात के विरुद्ध प्रार्थना पत्र लेकर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है.

Maharashtra

## पुणे में हिट एंड रन का एक और केस, गश्त पर निकले कांस्टेबल को कार चालक ने कुचला, मौत

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में हिट एंड रन के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. ताजा मामला पुणे से सामने आया है. पुणे पुलिस बल के एक कांस्टेबल की आधी रात को हिट एंड रन मामले में मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है. यह दुर्घटना ओल्ड पुणे-मुंबई राजमार्ग पर हैरिस ब्रिज के नीचे रात 2 बजे हुई. खड़की पुलिस स्टेशन में बीट मार्शल के रूप में कार्यरत दो पुलिस कांस्टेबल रात की गश्त के लिए अपने दोपहिया वाहन पर सवार थे, तभी उन्हें तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. इस दौरान कांस्टेबल समाधान कोली की मौत हो गई. दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया.



Maharashtra

## थम गई उड़ान... बस और ट्रेन पर भी असर, मुंबई की बारिश ने किया बेहाल; जारी हुई एडवाइजरी

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में भारी बरसात के चलते जनजीवन बेहाल हो गया है। इसके अलावा यातायात साधनों पर भी इसका असर देखने को मिला है। एक तरफ तमाम इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। दादर, विले पार्ले, किंग्स सर्किल समेत तमाम इलाकों में पानी भरने से वाहन बंद पड़ गए और लोगों को मुसीबत उठानी पड़ी। वहीं, कुर्ला रेलवे स्टेशन, विद्या विहार रेलवे स्टेशन समेत कई स्टेशनों पर पानी भर गया। बेस्ट की बस सर्विस पर भी बारिश ने असर डाला है। इसके अलावा हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। इसके लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है।

मुंबई की बरसात के चलते पूरी मुंबई में ट्रेन यातायात पर असर पड़ा है। सेंट्रल रेलवेज ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि डिवीजन के अलग-अलग स्टेशनों पर पानी भरने के चलते पांच ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। हालात सामान्य होने के बाद कल्याण और कसारा के बीच की सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। रेलवे ने जानकारी दी है कि यह ट्रेनें आठ जुलाई के लिए अगली नोटिस तक बंद रहेंगी। उपनगरीय ट्रेन सेवाओं को मुंबई के अलावा ठाणे, पालघर और रायगढ़ सहित अन्य पड़ोसी क्षेत्रों की जीवन रेखा माना जाता है। मध्य रेलवे के उपनगरीय नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन 30 लाख से अधिक लोग यात्रा करते हैं।

खेल

# जिम्बाब्वे को 100 रनों से हराया सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंची

**हरारे, (एजेंसी) भारत ने दूसरे टी20 मैच में जिम्बाब्वे को 100 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इससे पहले शनिवार को जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रनों से हराया था। हालांकि, रविवार को भारतीय टीम ने मेजबानों से अपनी पिछली हार का बदला ले लिया।**



हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में दो विकेट पर 234 रन बनाए। इस मैदान पर यह किसी टीम द्वारा जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। 2018 में ऑस्ट्रेलिया ने 229/2 रन बनाए थे। जवाब में जिम्बाब्वे 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

**जिम्बाब्वे की पारी-** जिम्बाब्वे की शुरुआत इस मुकाबले में झटके साथ हुई थी। पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने काया को बोल्ड किया था। वह सिर्फ चार रन बना पाए। इसके बाद मोर्चा मधवेरे (43) और बेनेट (26) ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 15 गेंदों में 36 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे ओवर में मुकेश कुमार ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक गेंदबाजी का मुजायरा पेश करते हुए बेनेट को बोल्ड किया। वह नौ गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आवेश खान ने कहर बरपाया। पारी के चौथे ओवर में उन्होंने दो विकेट चटकाए। आवेश ने मायर्स (0) और रजा (4) को आउट किया। इस मैच में कैंपबेल ने 10, मदांडे ने शून्य, मसाकादजा ने एक, जोंगवे ने 300, मुजरबानी ने दो और चतारा (नाबाद) ने शून्य रन बनाए। भारत के लिए मुकेश और आवेश ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, रवि बिश्नोई को दो और सुंदर को एक विकेट मिला।

**अभिषेक शर्मा ने जड़ा शतक-** जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दूसरे टी20 में दमदार बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 47 गेंदों पर सात चौकों और आठ छक्के की मदद से 100 रन बनाए। यह भारत के लिए अभिषेक का पहला शतक है। अभिषेक शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट हुए थे। इसके साथ ही अभिषेक जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं, जबकि वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे कम पारियों में शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

सिनेमा

## राखी सावंत के पेट में था 10 सेमी का ट्यूमर, एक्ट्रेस बोलीं, 'सलमान खान ने भरे मेडिकल बिल... आदिल ने किया बर्बाद'



इंडस्ट्री की ड्रामा क्वीन राखी सावंत इन दिनों दुबई में रेस्ट मोड पर हैं. भले ही राखी पैपराजी के कैमरा से दूर है लेकिन मुंबई में हो रही हर हरकत पर उनकी नजर है. एक्ट्रेस हाल ही में मेडिकेशन के संजीदा दौर से गुजरी हैं. राखी ने अपने हेल्थ और लाइफ का अपडेट दिया और बताया कि मुश्किल दौर में किसने उनका साथ दिया. इतना ही नहीं राखी ने यूट्यूबर अरमान मलिक की पहली पत्नी पायल मलिक पर भी निशाना साधा.

राखी सलमान खान बड़ी फैन हैं. एक्ट्रेस बताती हैं कि सलमान उन्हें किस कदर सपोर्ट करते हैं. उन्होंने टेली टॉक इंडिया को दिए इंटरव्यू में बताया कि उनके मेडिकल बिल्स सलमान खान ने भरे हैं. मुश्किल हालातों से गुजरीं राखी सावंत ने सर्जरी के बाद पहली बार बात की है. इस दौरान उन्होंने क्या चैलेंजेस फेस किए वो भी बताया है.

राखी बोलीं- डॉक्टर्स को पहले तो लगा था कि मुझे हार्ट अटैक आया था, लेकिन फिर जांच के बाद उन्हें मेरे पेट में 10 सेंटीमीटर का ट्यूमर मिला. मैं हमेशा सोचती थी कि मेरे पेट में इतनी एसिडिटी क्यों होती है. इलाज के तहत उन्होंने मेरा यूटरस और ट्यूमर हटा दिया. मैं आईसीयू में कोमा में थी.

## Highlights

1. **Lookout notice issued against son of Shinde's Sena leader in BMW hit-and-run case**
2. **Ex-Congress MLA Ramniwas Rawat takes oath as MP cabinet minister**
3. **KCA cricket coach arrested for sexual assault of minors**
4. **12 arrested in Bihar for impersonating candidates in CTET exam**
5. **Abhay Chautala's INLD joins hands with BSP for Haryana polls**
6. **Train service on Mumbai's Harbour Line suspended amid waterlogging**

# Titan shares fall 4% over weak Q1 update, JPMorgan downgrades stock



**NEW DElHI, (Agency).** Shares of Titan Company slumped almost 4 per cent today (July 8) as the stock was downgraded by brokerage JPMorgan to 'neutral' from 'overweight' rating following the Tata group company's June quarter business update.

The international brokerage cut its target price on Titan to ₹3,450 from ₹3,850 earlier as Titan's jewellery business posted a 9 per cent revenue growth in the June quarter. This fell short of already lowered expectations, as per JPMorgan. Titan said that the weak business update was due to high gold prices, low wedding days and subdued consumer demand which have impacted overall growth. Meanwhile, CLSA maintained its "outperform" rating on Titan with a price target of ₹4,045 and noted that any correction as a result of a "rare soft result" should be seen as an opportunity to "accumulate". The brokerage said that it expects growth to return when gold prices normalise and wedding season arrives again. Goldman Sachs called Titan's quarterly update "disappointing" and the brokerage maintained its "buy" recommendation on the stock with a price target of ₹3,700. Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals

# Nifty, Sensex fall on profit booking: These stocks are losing the most today

**BENGALURU, (Agency).** Equity benchmark indices declined in early trade today (July 8) as investors opted to book profits after recent record rally in equities. The muted trend in domestic markets was also seen following mixed cues from Asian markets.

The 30-share BSE Sensex declined 204.39 points to 79,792.21 after opening on a weak note while NSE Nifty dipped 40.75 points to 24,283.10. Among the Sensex pack, Titan, Asian Paints, Adani Ports, Bajaj Finserv, UltraTech Cement and Maruti were the biggest laggards. Tata Motors, Tech Mahindra, ICICI Bank and State Bank of India were among the gainers.

In Asian markets, Shanghai and Hong Kong were trading lower while Seoul and Tokyo quoted in the green. US markets ended with gains on Friday.

Stock market on July 5

In a volatile session on July 5, the broader NSE Nifty continued its record-breaking run and inched up 21.70 points or 0.09 per cent to close at its lifetime high of 24,323.85. The BSE benchmark, however, dropped 53.07 points or 0.07 per cent to settle at 79,996.60.

Oil prices today

Global oil benchmark Brent crude dipped 0.09 per cent to USD 86.46 a barrel. Foreign Institutional Investors (FIIs) bought equities worth ₹1,241.33 crore on Friday, according to exchange data.

# इंस्ट्राग्राम पर पहचान के बाद शादीशुदा ने लूटी अस्मत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ में रहने वाली एक 28 साल की छात्रा ने रेप के मामले में अपने दोस्त पर केस दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक वह इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। आरोपी ने इंस्ट्राग्राम पर उससे दोस्ती की ओर शादीशुदा होने की बात छिपाई। इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर रेप किया ओर बाद में आरोपी धमकाने लगा। पीड़िता ने यह बात अपने परिवार को बताई। इसके बाद मामले में केस दर्ज हो पाया।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक युवती ने बताया कि वह छात्रा है। इंस्ट्राग्राम पर 2022 में सुनील भंवर निवासी ग्राम जामला बाग तह कुक्षी जिला धार से जान पहचान हुई थी। पहले मैसेज पर बातचीत होती फिर दोस्ती के बाद एक दूसरे का नंबर एक्सचेंज कर लिया। इसके बाद बातचीत होने लगी। सुनिल ने मोबाइल पर ही कहां कि वह युवती को पसंद करता है ओर शादी करेगा। उस समय पीड़िता को नही पता था कि वह शादीशुदा है। अगस्त 2022 में सुनिल राउ इलाके में कमरे में मिलने आया ओर यहां बातचीत में कहां कि हम जल्द ही शादी करेगे। इसके बाद वह सबंध बनाने के लिये जिद करने लगा। जब इंकार किया तो नही माना ओर छात्रा के साथ जबदस्ती की।

इसके बाद कई बार सुनील घर आया ओर छात्रा के साथ सबंध बनाए। लेकिन शादी की बात करने पर टाल देता। बोला कि बार बार शादी की बात करती है। अगर आगे से ऐसी बात की तो अच्छा नही होगा। किसी दिन जान से हाथ धोना पड़ेगा। बाद में मोबाइल पर बात होती रही। 19 जून को सुनील से मोबाइल पर बात हुई तो शादी का कहां। इस पर दोनो की लड़ाई हुई। सुनील बोला तुमसे शादी नही करूंगा जो समझ आए कर लेना। पढ़ाई में मन नही लगा। बाद में डरते हुए पिता ओर भाई को जानकारी दी ओर थाने आकर सुनील के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक आरोपी सुनील भंवर की तलाश की जा रही है।

## पति की हरकतों से परेशान पत्नी ने की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर प्रताडऩा को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पति ने उसे कई बार गर्भपात की टैबलेट भी खिलाई। दूसरी लड़कियों से बात करने से रोका तो माता-पिता के यहां भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रितिका ने अपने पति लोकेश के खिलाफ प्रताडऩा और अन्य धाराओं को लेकर केस दर्ज कराया। उसने लोकेश पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। रितिका ने बताया कि 7 दिसंबर 2015 को उसकी शादी हुई। पिता ने हैसियत से दान दहेज दिया। विवाह का खर्च भी पिता ने उठाया। शादी के बाद संयुक्त परिवार में पहुंची। दोनों को सात साल की एक बेटी और ढाई साल का बेटा है। शादी के बाद पति अश्लील वीडियो दिखाकर वैसा ही करने को कहते। मैंने मना किया तो गर्म चाय मुझ पर फेंक दी। बातचीत करना बंद कर दिया और पिटाई भी की। शादी के बाद कई बार गर्भपात की दवाएं खिलाईं। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति के अन्य लड़कियों से अवैध संबंध हैं। घर आने पर उनसे रोज बातचीत भी करते हैं। घर न टूटे इसलिए मैंने सबकुछ बर्दाश्त किया। पति को समझाने की कोशिश की तो मारपीट कर कमरे से बाहर निकाल दिया।

पति ने एक बार धमकाते हुए कहा कि कई लड़कियों से मैं बात करता हूं इसमें मेरे अंकल की लडक़ी भी है। मैंने इस पर विरोध किया तो धमकी दी कि तुम्हें रहना है तो रहो नहीं तो मायके जाओ। दहेज को लेकर माता-पिता पर भी आरोप लगाए।

इसके बाद पिछली दिवाली पर 28 नवंबर को पति लोकेश ने भाई को बुलाया और मुझे दोनों बच्चों के साथ मायके भेज दिया। कई अनर्गल आरोप भी लगाए। इसके बाद से ही उन्होंने हम तीनों से कोई संपर्क नहीं किया। मेरे परिवार ने कई बार समझाने की कोशिश की। लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। इससे परेशान होकर रितिका ने पुलिस से शनिवार को शिकायत कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टग्राम पर बनाई छात्रा की अश्लील आईडी

### हटाने के नाम पर मांगे 50 हजार रूपए, प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने एम टेक छात्रा की शिकायत पर दो मोबाइल नंबर के कस्टमर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसकी इंस्टाग्राम पर अश्लील आइडी बनाई और उसमें प्रोफाइल में पीड़िता की फोटो लगा दी। उस पर अश्लील वीडियो डाले। जब इस बात की जानकारी लगी तो उसने हटाने की बात की। जिस पर मोबाइल नंबर के कस्टमर ने 50 हजार की डिमांड की। मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार एम टेक की छात्रा ने बताया कि उसके मोबाइल पर दो नंबरों से सुबह टैक्स मैसेज आते थे। जिसमें गुड मार्निंग जैसी बातें लिखी हुई थी। उन मैसेज को लेकर जबाब नही दिया। इसके बाद अश्लील बातें कर दोस्ती की कोशिश की। लेकिन रिप्लाई नही किया। उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद उक्त नंबर के व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर प्रोफाइल में अश्लील फोटो ओर वीडियो अपलोड किया। उस प्रोफाइल में स्टूडेंट के फोटो का उपयोग किया गया। इस बात की जानकारी स्टूडेंट को लगी तो उसने प्रोफाइल पर मैसेज और कॉल कर उसे हटाने के लिए कहा। इस पर आरोपी ने 50 हजार की डिमांड की और कहा कि अगर रूपए नही दिए तो इस तरह के वीडियो और फोटो डालते रहेगे। इस पर स्टूडेंट ने यह बात अपने पिता को बताई और मामले में थाने आकर शिकायत कर दी।

## एनआरआई महिला ऑटो रिक्शा में भूली पर्स

### ड्राइवर और पुलिस ने महिला को लौटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अमेरिका से इंदौर में अपने रिश्तेदारों के यहां आई महिला अपना पर्स ऑटो रिक्शा में ही भूल गई। ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने इसे पुलिस को सौंपा। पुलिस ने महिला की पहचान निकालकर उसे बुलाकर पर्स सौंप दिया। पर्स में आईफोन, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट रखे थे। एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्रसिंह के मुताबिक स्वाति पाठक अपने रिश्तेदारों के यहां शादी में शामिल होने अमेरिका से आई है। वह सी 21 मॉल के यहां उतरी लेकिन उनका पर्स ऑटो में ही छूट गया। ऑटो रिक्शा ड्राइवर रमेश साहू ने पर्स को थाने पहुंचाया। पुलिसकर्मियों ने महिला की पहचान निकालकर उन्हें पर्स लौटाया। महिला ने कहा पर्स में रखे सभी रुपए और दस्तावेज सुरक्षित हैं। उन्होंने ऑटो ड्राइवर और इंदौर पुलिस का आभार माना।

## पूर्व सरपंच के पति की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिमरोल में पूर्व सरपंच के पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव सोमवार सुबह नदी किनारे पड़ा मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिमरोल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोरल निवासी दिलीप बुंदेला का शव नदी किनारे पड़ा मिला। उनके शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान हैं। जानकारी के मुताबिक दिलीप रविवार सुबह घर से निकले थे। उसके बाद नहीं लौटै। वह बीजेपी से जुड़े हैं। वे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और उषा ठाकुर के खास माने जाते हैं। पुलिस उक्त हत्या को लेकर जांच में जुट गई है। मौके पर अफसर भी पहुंचे हैं।

## डिक्की से सोने के जेवर चुराने वाले गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुआं इलाके में चितावद रोड स्थित दूध डेयरी के सामने रिटायर्ड डॉक्टर के साथ हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। चोरों ने डॉक्टर को दूध डेयरी पर टारगेट किया और उनकी स्कूटी की डिक्की से सोने के 6.5 लाख के आभूषण चुरा ले गए थे। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया गिरफ्तार आरोपी सोहन सिसौदिया और प्रिंस सिसौदिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 3 मई 2024 को रिटायर्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अगस्त्य कुमार चौधरी की स्कूटी से सोने के आभूषण चुरा लिए थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक